कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
E-mail :nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 0135-2767611

संख्याः– 2184 / FP/UK/Others/21599/2016 देहरादूनः दिनांकः 18 फरवरी, 2020

सेवा में,

सचिव प्रभारी,
वन अनुभाग–3,
उत्तराखण्ड शासन।

विषयः– जनपद– नैनीताल के अन्तर्गत शहीद मोहन नाथ गोश्वामी मेमोरियल मिनी स्टेडियम लालकुआं के निर्माण हेतु 4.9962 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु पी0आर0डी0 को हस्तान्तरण।

**(Online proposal no- FP/UK/Others/21599/2016)**

महोदय,

उपरोक्त विषयक परियोजना हेतु जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी, नैनीताल द्वारा वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत 4.9962 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु वन भूमि हस्तान्तरण का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। प्रस्ताव पर राजस्व विभाग/प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी एवं वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त, हल्द्वानी द्वारा भी सहमति प्रदान की गयी है। उक्त परियोजना के ऑनलाईन भरे गये पार्ट–II में अंकित की गई सूचना के अनुसार वन भूमि में विभिन्न प्रजाति के 356 वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं।

अतः प्रस्ताव के प्रपत्र भाग–**I** से भाग–**III** एवं अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी द्वारा भरे जाने वाले प्रपत्र भाग–**IV** पर संस्तुति कर संलग्न कर इस आशय से प्रेषित किये जा रहे हैं कि कृपया प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु भारत सरकार को प्रेषित करने का कष्ट करें।
संलग्न–यथोपरि।

भवदीय,
(हस्ताक्षर) 18/2/20
(डी0जे0के0 शर्मा)
प्रमुख वन संरक्षक,
कार्या0–अपर प्रमुख वन संरक्षक
एंव नोडल अधिकारी वन संरक्षण,
उत्तराखण्ड, देहरादून

संख्या / FP/UK/Others/21599/2016 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर प्रमुख वन संरक्षक भारत सरकार पर्यावरण, वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, 25 सुभाष रोड़, देहरादून को प्रस्ताव की मूल प्रति एवं पार्ट । से IV तक संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।
2. प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड।
3. मुख्य वन संरक्षक, कुमाऊ, नैनीताल।
4. वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त, हल्द्वानी।
5. जिलाधिकारी, जनपद–नैनीताल।
6. प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी।
7. जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी, नैनीताल।

(हस्ताक्षर) 18/2/20
(डी0जे0के0 शर्मा)
प्रमुख वन संरक्षक,
कार्या0–अपर प्रमुख वन संरक्षक
एंव नोडल अधिकारी वन संरक्षण,
उत्तराखण्ड, देहरादून

## भाग–IV

(नोडल अधिकारी अथवा प्रधान मुख्य वन संरक्षक अथवा अध्यक्ष, वन विभाग द्वारा भरे जाने के लिये)

परियोजना का नामः– जनपद–नैनीताल के अन्तर्गत शहीद मोहन नाथ गोश्वामी मेमोरियल मिनी स्टेडियम लालकुआं के निर्माण हेतु 4.9962 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु पी0आर0डी0 को हस्तान्तरण।
**(Online proposal no- FP/UK/Others/21599/2016)**

**जनपद–नैनीताल के अन्तर्गत शहीद मोहन नाथ गोश्वामी मेमोरियल मिनी स्टेडियम लालकुआं के निर्माण हेतु 4.9962 हे0** वन भूमि का पी0आर0डी0 को हस्तान्तरण किया जाना प्रस्तावित है। उक्त प्रस्ताव में 4.9962 हे0 आरक्षित वन भूमि का हस्तान्तरण निहित है। प्रस्ताव पर राजस्व विभाग, जनपद–नैनीताल/प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी एवं वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त, हल्द्वानी द्वारा भी प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गयी है। उक्त परियोजना के ऑनलाईन भरे गये पार्ट–II में अंकित की गई सूचना के अनुसार वन भूमि में विभिन्न प्रजाति के 356 वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं।

अतः प्रस्ताव पर वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु संस्तुति प्रदान की जाती है।

नाम व पदनामः
हस्ताक्षरः

(डी0जे0के0 शर्मा)
प्रमुख वन संरक्षक,
कार्या0–अपर प्रमुख वन संरक्षक
एंव नोडल अधिकारी वन संरक्षण,
उत्तराखण्ड, देहरादून

सरकारी मोहरः D. J. K. SHARMA
Principal Chief Conservator
of Forest Uttarakhand

तिथि : 19/02/2020
स्थान : देहरादून